# वेस्ट टार्नेट स्टेशन

## हम पश्चिम के बढ़ते सबर्बों (उपनगरों) को मेलबोर्न के सीबीडी से बेहतर ढंग से जोड़ने के लिए वेस्ट टार्नेट स्टेशन का निर्माण कर रहे हैं।

वी/लाइन नेटवर्क की जिलॉन्ग (Geelong) लाइन पर यह महत्वपूर्ण नया सार्वजनिक परिवहन लिंक Leakes और Davis roads के कोने के पास स्थित होगा।

डिजाइन सुनिश्चित करते हैं कि भविष्य के रेल बुनियादी ढांचे के विकास और रेल लाइन के दोनों ओर अपेक्षित विकास और नियोजित शहरी विकास के लिए क्षेत्र में पर्याप्त स्थान बनाए रखा जाता है।

इस नए स्टेशन में चार-बे बस इंटरचेंज, 400 यात्रियों के लिए पार्किंग और एक सुलभ पदयात्री अंडरपास शामिल होगा।

स्टेशन के डिजाइन में भूनिर्माण (लैंडस्कैपिंग), बैठने की जगह, सैर करने और साइकिल चलाने के अलग मार्ग, बाइक हुप्स और साइकल आदि को सुरक्षित रखे जाने के स्थानों के साथ एक स्वागतमय और अच्छी तरह से रोशन परिसर है।

> **प्रमुख निर्माण-कार्य जल्द ही शुरू होगा, और नया स्टेशन 2026 में समुदाय के लिए खुल जाएगा।**

### अंतिम डिजाइन देखें और एक सूचना सत्र के लिए पंजीकरण करें

इस बारे में जानें कि हमने समुदाय की फीडबैक (प्रतिक्रिया) की समीक्षा करके और आगे तकनीकी आकलन करके परियोजना डिजाइनों को कैसे अपडेट किया है।

आप नए वेस्ट टार्नेट स्टेशन के बारे में सवाल भी पूछ सकते हैं और हमारे ऑनलाइन एंगेजमेंट हब में आगामी सामुदायिक सूचना सत्रों के बारे में और अधिक जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें या **engage.vic.gov.au/west-tarneit-station** पर जाएं।




*स्टेशन के प्रवेश द्वार का उत्तर-पश्चिम की ओर से दृश्य। दिखाए गए फले-फूले पेड़ और पौधे। केवल कलाकार की धारणा, परिवर्तन के अधीन।*

# परियोजना के प्रमुख लाभ

नए वेस्ट टार्नेट स्टेशन का डिज़ाइन और इसकी विशिष्टताएँ कई प्रकार के लाभ प्रदान करेंगी।

स्थानीय निवासियों को एक **सुलभ, आधुनिक और स्वागतमय स्टेशन** परिसर का अनुभव प्राप्त होगा।

पूरे **लैंडस्केप स्टेशन परिसर** में स्थानीय वनस्पतियों और जीवों का उत्सव, जिसमें बैठने की जगह और पीने का फव्वारा है।

टार्नेट और मेलबर्न के बाहरी पश्चिम की बढ़ती आबादी के लिए सार्वजनिक परिवहन **तक अधिक** पहुंच।

**मौजूदा और भविष्य के स्थानीय मार्गों से जुड़ने के लिए डिज़ाइन किए गए, पूरे परिसर में सैर करने** और साइकिल चलाने के अलग मार्ग।

**स्थानीय समुदाय के लिए केंद्रीकृत बस सेवाएं**, और साथ ही स्टेशन पर स्थित एक नया बस इंटरचेंज।

**रेल लाइन के नीचे अच्छी तरह से प्रकाशित,** सुलभ पदयात्री अंडरपास, प्लेटफार्मों की ओर जाने वाले रैंप और सुलभ स्थानों पर **बैठने के स्थान**।



*स्टेशन का हवाई दृश्य। केवल कलाकार की धारणा, परिवर्तन के अधीन।*

## निर्माण-कार्य संबंधी अपडेट

साइट की स्थापना जुलाई 2025 में हुई थी। हमने अस्थायी साइट एक्सेस सड़के बनाई हैं और साइट कार्यालय, कार्यबल पार्किंग और भंडारण क्षेत्र स्थापित किए हैं। आप Cottesloe Boulevard और Leakes Road के आसपास यातायात की आवाजाहियों में बदलाव भी देखेंगे।

जल्द ही बड़े निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे। हम शोर-शराबे, धूल-मिट्टी और कंपन जैसे निर्माण-कार्य से जुड़े प्रभावों को कम करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

पश्चिम टार्नेट स्टेशन का निर्माण करने के लिए प्रमुख निर्माण-कार्य गतिविधियों में बड़े पैमाने पर काम शामिल होंगे, जैसे कि खुदाई और संरचनात्मक कार्य।

हम समुदाय को आपके यात्रा करने के तरीके में किसी भी बदलावों या व्यवधानों के साथ-साथ परियोजना से जुड़ी प्रमुख तिथियों के बारे में सूचित रखेंगे।

**जब 2026 में प्रमुख निर्माण-कार्य समाप्त हो जाएगा, तो स्टेशन समुदाय के उपयोग के लिए खुल जाएगा।**


लेवल क्रॉसिंग रिमूवल प्रोजेक्ट द्वारा वितरित

**levelcrossings.vic.gov.au**

contact@levelcrossings.vic.gov.au

अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं के लिए, कृपया 9209 0147 पर कॉल करें

1800 105 105 (कभी भी कॉल करें)

यदि आप इस जानकारी को सुलभ प्रारूप में चाहते/ती हैं, तो कृपया हमसे संपर्क करें। यदि आपको सुनने या बोलने में समस्या के कारण सहायता की आवश्यकता है, तो **relayservice.gov.au** पर जाएं

VICTORIA State Government

WPA12047